
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# झूठे मुकदमें दर्ज करने पर गरजे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

**विरोध**

## जनगीत गाकर केन्द्र व राज्य सरकार का किया विरोध

■ युवा कांग्रेस व कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर दिया धरना




**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज किये गये झूठे मुकदमों को वापस लिये जाने सहित अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर युवा कांग्रेस व कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर धरना दिया और इस दौरान जनगीत गाकर केन्द्र व राज्य सरकार का विरोध किया।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय में इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज किये गये झूठे मुकदमों को वापस लिये जाने सहित अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर युवा कांग्रेस व कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती हुई पेट्रोल और डीजल की कीमतों को तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने की जरूरत है और बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया लेकिन आज तक इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस देहरादून द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद भी देश की मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई जिसके कारण गरीब जनता किसान एवं मध्यवर्गीय परिवार के लोगों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।केंद्र की भाजपा सरकार तेल में हुई वृद्धि से अर्जित धन को लोकतांत्रिक सरकार गिराने विधायक तोड़ने आदि में इस्तेमाल करने की मंशा रखती हे।

वक्ताओं ने कहा कि इसीलिए इस कोरोना वैश्विक महामारी के समय और सरकार द्वारा गरीब जनता के ऊपर तेल एवं गैस के दाम बढ़ाकर उनकी कमर तोड़ दी है इसका युवा कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है अगर सरकार द्वारा जल्द से जल्द तेल की कीमतों को नियंत्रित नहीं किया गया एवं दाम कम नहीं किए गए तो युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र की भाजपा सरकार की होगी।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, गरिमा मेहरा दसौनी, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस भूपेंद्र नेगी, प्रदेश संयोजक राहुल प्रताप, लक्की राणा, प्रदेश प्रवक्ता संदीप कुमार चमोली सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### संघर्ष समिति का जिलाधिकारी कार्यालय में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

देहरादून। सीटू, एटक, इंटक, रक्षा, बैंक, बीमा, बिजली से जुडी यूनियन्स, फैडरेशनों ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी विरोध दिवस के तहत जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया।

## न्यूज डायरी

### आशाएं काम का दाम मांग रही है तो उन्हें बर्खास्त किया जा रहा: मर्तोलिया

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कार्य बहिष्कार कर रही आशाओं के आंदोलन का समर्थन किया। मर्तोलिया ने शुक्रवार को इस आशय का पत्र मुख्यमंत्री को भेजा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से समाज को बचाने के लिए अहम् भूमिका निभाने वाली आशाओ से बधुवा मजदूरी करायी जा रही है, जो गलत है। टिहरी व उधमसिंहनगर जिले में दो आशाओ की केविड 19 डियूटी के समय मौत हो गई थी, उनके परिवार के प्रति सरकार ने संवेदना तक व्यक्त नहीं की। मर्तोलिया ने कहा कि जब आशाए काम का दाम मांग रही है तो उन्हे बर्खास्त किया जा रहा है। सरकार तनाशाह बनी हुई है।

### 16 जुलाई को हरेला पर्व पर पौने दो लाख पौधों का होगा रोपण: डीएम

**संवाददाता** रूद्रपुर। जनपद को हरित बनाने व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन को बढावा देने के लिये उत्तराखण्ड कैम्पा निधि के अन्तर्गत 16 जुलाई को हरेला पर्व पर पौने दो लाख विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जायेगा। यह बात जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल ने अपने कक्ष में उत्तराखण्ड कैम्पा निधि के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों द्वारा किये जा रहे वित्तीय व प्रशासनिक विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने डीएफओ नितिश मणी त्रिपाठी व अभिलाषा को हरेला पर्व पर वृक्षारोपण की प्लानिंग करने व पौधो की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व पर सागौन, आंवला, सीशम, जामुन, इंडोर प्लान इत्यादि पौध लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर वृक्षा रोपण किया जाना है उन स्थानों को भी चिह्नित करें। उन्होंने कहा कि फलदार पौधों के साथ ही छायादार वृक्षों को भी लगाया जाये।

### महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स ने एक और उपलब्धि हासिल की

**संवाददाता** रूड़की। वैश्विक महामारी कोविड–19 की वजह से लगाये गये लंबे लॉकडाउन, और उस लॉकडाउन के कारण आई मौजूदा आर्थिक मंदी के बावजूद, भारत के अग्रणी मल्टी–ब्रांड पूर्व–स्वामित्व वाली (यूज्ड) कारों के रिटेलर, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड (एमएफसीडब्लूएल), ने भारत के टियर द्वितीय तृतीय शहरों में 34 नये स्टेट–ऑफ–द–आर्ट स्टोर डिजिटल रूप से लॉन्च किया। ये सभी स्टोर एक इंडस्ट्री–फर्स्ट ऑनलाइन समारोह में एक साथ लॉन्च किये गये, जिसे यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम भी किया गया, जिसमें इंडस्ट्री के दिग्गज, मौजूदा डीलर साझेदार और महिंद्रा समूह के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

### उपमा ने आईजी गढ़वाल का किया अभिनंदन

**संवाददाता** देहरादून । उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने आईजी गढ़वाल अभिनव कुमार को पुष्पगुच्छ एवं सभा का साफा ओढ़ा कर अभिनंदन करते हुए उनके आईजी बनने पर बधाई दी।
इस अवसर पर उपमा के महानगर अध्यक्ष एवं कैट सदस्य पी एस कोचर तथा जी एस आनंद ने चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का अनुरोध करते हुए छह जुलाई को 20 से 25 आदमियों के गांधी पार्क से घंटाघर तक रैली निकालने की जानकारी दी, जिसमें सरकार की गाइडलाइन को ध्यान में रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने श्वेता चौबे को आईपीएस बनने पर बधाई दी।

इस अवसर पर पी एस कोचर, जी एस आनंद, अशोक वर्मा, संतोष कश्यप, अमरजीत सिंह कुकरेजा, बलदेव जैसवाल, मोहन सिंह खालसा, विजय तुली आदि उपस्थित थे।



# हाईकोर्ट से निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को बड़ी राहत

**संवाददाता**



आदेशानुसार स्कूल प्रबंधन जबरन फीस का दबाव नहीं बनाएगा

नैनीताल। हाईकोर्ट से प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है । कोर्ट ने साफ कहा है कि शिक्षा सचिव के 22 जून 2020 के आदेशानुसार स्कूल प्रबंधन जबरन फीस का दबाव नहीं बनाएगा। सिर्फ ऑनलाइन क्लास पढ़ाई करने वालों से स्कूल ही ट्यूशन फीस ले सकते हैं। अभिभावकों की शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश देते हुए याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया है।

शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ में देहरादून निवासी कुंवर जपेंद्र सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई । याचिका में कहा है कि उत्तराखंड के प्राइवेट स्कूलों के द्वारा ऑनलाइन क्लासेज के नाम पर जबरन अभिभावकों से फीस मांगी जा रही है। साथ ही जबरन ऑनलाइन क्लास पढ़ाई जा रही है ।जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

छोटे क्लास के बच्चों को ऑन लाइन पढ़ाई समझ मे भी नहीं आ रहा है। उत्तराखंड में कई स्थानों पर इंटरनेट की व्यवस्था नहीं है और कई लोगों के पास मोबाइल व अन्य गैजेट नहीं है, जिससे कई बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जा रहे हैं, लिहाजा ऑनलाइन पढ़ाई के स्थान पर दूरदर्शन के माध्यम से सभी बच्चों की पढ़ाई की जाए।

### 55 ग्राम पंचायतों में 17 घंटे से लाइट नहीं, आम उपभोक्ता परेशान

**संवाददाता** मुनस्यारी। सीमांत तहसील के 55 ग्राम पंचायतों में 17 घंटे से लाइट नहीं है। बिजली के नहीं होने से आम उपभोक्ता परेशान है. बिजली से चलने वाली सुविधाओ के बंद होने से रोज गांव से बाजार आने वाले सैकड़ो लोगो को आज निराश होकर घर लौटना पड़ा। जिप सदस्य मर्तोलिया ने यूपीसीएल के खिलाफ मौर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे उप खंड कार्यालय पर तालाबंदी की जायेगी। कल रात 11 बजे से सीमांत की बिजली बंद है। विभाग का कहना है कि नाचनी में खराबी आ गई है। मुनस्यारी क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी में भी लाइट चले जाती है। रोज रोज की इस दिक्कत से आम आदमी परेशान है। विभाग कभी कोई तो कभी कोई बहाना बनाकर दस सालो से जनता को दिलासा देता रहता है। मर्तोलिया ने कहा कि नियमित लाइट मिले इसके लिए विभाग से बार बार बात की, लेकिन विभाग सोया हुआ है। विभाग जागा नहीं तो वे पंचायत प्रतिनिधियों को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी कर देंगे।